कार्यालय–जिला आयुश समिति, लोहरदगा

जिला संयुक्त औषधालय लोहरदगा (ब्लॉक कैंपस) (झारखण्ड) 835302
Email-ayushdamolohardaga@gmail.com

पत्रांक ..../दिनांक ..../

सूचना

जिला आयुष समिति, लोहरदगा के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर रखा जाना है। योग प्रशिक्षक को सूचीबद्ध करने के लिए चयन हेतु दिनांक–08.05.2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से Walk–In-Interview सिविल सर्जन कार्यालय, लोहरदगा के सभागार में निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निम्नलिखित शर्तों के तहत् Walk–In-Interview में भाग लेंगे।

क्र0	पद का नाम	पद की संख्या	आवश्यक अर्हता	पारिश्रमिक
01	योग प्रशिक्षक (पुरुष/महिला)	पुरुष – 26 महिला – 05	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट बोर्ड का होना या योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक	योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/–प्रति योग सत्र देय होगा।
योग प्रशिक्षक के **Walk–In-Interview** की प्रखण्डवार सूची				
प्रखण्ड–कुडु/भण्डरा/किस्को एवं सेन्हा			प्रखण्ड–कुडु /भण्डरा/किस्को एवं सेन्हा	

सामान्य जानकारी एवं निर्देश–

1. साक्षात्कार के किसी भी चरण में यदि यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी पात्रता मापदण्ड/तथ्यों को पूरा नहीं करता है, तो सूचीबद्धता हेतु उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
2. साक्षात्कार हेतु विहित प्रपत्र में वांछित सभी तरह के प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज फोटो (02 प्रति) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित् करेंगे साथ ही साथ प्रमाण पत्रों की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ रखेंगे।
3. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भता देय नहीं होगा।

4. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि नौकरी के नियमितीकरण के संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा अगर भविष्य में नियमितीकरण का दावा करते हैं तो वैसी स्थिति में उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जायेगी।
5. कार्य दिवस/योग सत्र आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये मार्ग–दर्शिका के अनुरूप होगी।
6. प्रत्येक योग सत्र दो घंटे का होगा।
7. प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (**विज्ञापन के साथ संलग्न**) में योग/अन्य Wellness Activities का कम से कम 10 सत्र निर्धारित तिथि एवं समय पर किया जायेगा।
8. स्थानीय प्रमाणित (Certified) योग प्रशिक्षक एवं अनुभवी योग प्रशिक्षक को सर्वप्रथम प्राथमिकता दी जायेगी। जिस हेतु स्थानीय प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। लोहरदगा जिला के स्थानीय अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।
9. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसी स्थिति में योग कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।
10. आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर आयुष के 5–7 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले योग प्रशिक्षक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी।
11. योग/अन्य Wellness Activities के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निर्धारित जगह चिन्हित की जायेगी। यदि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जगह उपलब्ध नही होगी वैसी स्थिति में निकटतम स्कुल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र या अन्य सरकारी सामुदायिक भवन में योग/अन्य Wellness Activities के लिए जगह निर्धारित किया जा सकता है।
12. इस विज्ञापन में टंकक अशुद्धि/संशोधन तथा Walk–In-Interview तिथि में आवश्यकतानुसार परिर्वतन करने का अधिकार जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी,
लोहरदगा।

सिविल सर्जन,
लोहरदगा